हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

जबलपुर, शनिवार 7 जून 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

द्वितीय बोर्ड परीक्षा मंडला जिले के 14 केन्द्रों में आयोजित की जायेगी

मण्डला। माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा 17 जून से आयोजित की जाने वाली द्वितीय बोर्ड परीक्षा 2025 को सम्पन्न कराने हेतु जिले में 14 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। बोर्ड की परीक्षाएं विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित विद्यालयों में ही सम्पन्न कराई जावेंगी। द्वितीय बोर्ड परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला, रानी अवंती बाई मण्डला, उमावि क्रमांक 2 मण्डला, उमावि कन्या महाराजपुर, उत्कृष्ट नैनपुर, कन्या नैनपुर, उमावि उत्कृष्ट बिछिया, उमावि कन्या बिछिया, उमावि उत्कृष्ट मवई, उमावि उत्कृष्ट घुघरी, उमावि उत्कृष्ट मोहगांव, उमावि उत्कृष्ट नारायणगंज, उमावि उत्कृष्ट बीजाडांडी, उमावि उत्कृष्ट निवास को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बोर्ड परीक्षा प्रभारी महेन्द्र श्रीवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने हेतु सर्व सम्बंधित विद्यालय के प्राचार्यों को जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकड़े द्वारा निर्देश जारी किये गए हैं।

श्रीमति पूजा चौबे का निधन

भुआबिछिया। बिछिया जतीपुर निवासी उपेंद्र चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा चौबे का लंबी बीमारी के चलते जबलपुर में निधन हो गया उनकी अंतिम यात्रा कल दोपहर जांतिपुर निज निवास से निकली जाएगी।

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर जिला स्तरीय कार्यशाला

15 अगस्त तक चलेगा संकल्प से सिद्धि अभियान

*** जनता तक पहुंचाएंगे सरकार की उपलब्धियां।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

भाजपा जिला कार्यालय में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यशाला की शुरुआत भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यक्रमों का दायित्व सौंपा गया। जिलाध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है। उनकी नीतियों से भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के माध्यम से देश आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि 5 जून से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दौरान जनपद और मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यकर्ता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे।

वही उन्होंने 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि संकल्प से सिद्धि के 11 साल, पर्यावरण दिवस, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल का काला अध्याय जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनके प्रभारी नियुक्त किया गया है जिसमें संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर संजय कुशराम तो वही पर्यावरण दिवस कार्यक्रम प्रभारी जयदत्त झा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के प्रभारी अखिल सिहारे, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस कार्यक्रम प्रभारी श्री नरेश चंद्रोल, आपातकाल का काला अध्याय के कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेश जैन को सौंपा गया है।

वही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के प्रभारी संजय कुशराम ने कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। वही

पर्यावण दिवस कार्यक्रम प्रभारी जयदत्त झा ने कहा कि 5 जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता वृक्षारोपण अभियान को शुरू करेंगे जो 15 अगस्त तक चलेगा। जिसमें एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलेगा। वही आपातकाल का काला अध्याय के कार्यक्रम प्रभारी श्री राजेश जैन ने कहा कि उस समय की तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने यातना की सारे हदे पार कर लोगो को जेल में ठूसा।जो कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने अनैतिक कृत्य और भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करने का कार्य किया। लोगों की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और उनकी इच्छाओं को कुचला गया। कांग्रेस का इतिहास तानाशाही और दमनकारी से भरा है। विरोधी दल के नेताओं को मीसा एक्ट लगाकर गिरफ्तार किया गया। अपने ही देश के लोगों से जानवरों जैसा सलूक किया गया। कांग्रेस के विरोध में उठने वाली हर उस आवाज को दबाया गया। जो देश और समाज की बात की। वैसी त्रासदी को बीजेपी के नेताओं ने झेला उनके जुल्म और अत्याचार को सहन कर आज देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब, शोषित, वंचित, किसान, युवा के हित और अधिकार के लिए काम कर रही है। कार्यशाला में पूर्व विधायक पंडित सिंह धुर्वे, डॉक्टर शिवराज शाह, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर पालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, बम्हनी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा, बिछिया नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी, पूर्व जिला अध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन ठाकुर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती मंजू कछवाहा सहित जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

नगर परिषद बिछिया अध्यक्ष ने किया पौधा रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

शासन के निर्देशानुसार 5 जून से 15 अगस्त तक विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. जिसके तहत वार्ड क्रमांक 05 शंकर तालाब के आप-पास पोधोरोपण, वार्ड क्रमांक 13 में सरराटोला, पुराना फिल्टर प्लांट के पास फल दार पौधा रोपण किया गया हैं जिसमें सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गयी. इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने पौधारोपण किया. वहीं पदाधिकारी एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गयी. इसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत के पदाधिकारी, कर्मचारी और महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य शामिल हुए. रैली के माध्यम से लोगों से हर वर्ष कम से कम पांच पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई. रैली के दौरान लोग हरियाली बढ़ाओ, पर्यावरण बचाओ, एक पेड़ सौ वरदान जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया गया. इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने बताया कि लोगों एवं बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम 03 जनू 2025 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जावेगा जिसमें छात्रों ने पर्यावरण से जुड़े विषयों पर सुंदर चित्र प्रस्तुत जायेगे. प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास, नरेश कसार दीपक रजकअक्षय चौधरी, अवन बिसेन, संत कुमार वर्मा, मनोज निगम, घनश्याम चौहान, राजेन्द्र राजपूत एवं स्वसहायता समूह की महिला एवं आम नगरिक मौजूद रहें।

बिछिया में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान में विधायक नारायण सिंह पट्टा हुए शामिल

मण्डला। जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बिछिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिछिया विधानसभा विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा ने की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, कृषि विशेषज्ञों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर फसल लगानी चाहिए। जिससे न सिर्फ अच्छा उत्पादन मिलेगा बल्कि फसल का चक्र भी बना रहेगा। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न कृषि योजनाओं, फसल विविधीकरण, जैविक खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी। किसानों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को भी साझा किया।

जिले के समस्त थानों एवं चौकियों में शांति समिति बैठक

*** थाना नैनपुर एवं पिंडरई क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा के मद्देनजर जिले के समस्त थानों एवं चौकियों द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के प्रबुद्ध नागरिकों, धर्मगुरुओं, गणमान्यजनों एवं शांति समिति सदस्यों ने सहभागिता की। सभी से आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांति पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई।

इसी क्रम में थाना नैनपुर एवं चौकी पिंडरई में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। दिनांक 06 जून 2025 को कस्बा नैनपुर, ग्राम भेसवाही, तेंदुआ बम्हनी क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा मार्च किया गया। इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीओपी नैनपुर, थाना प्रभारी नैनपुर, चौकी प्रभारी पिंडरई, थाना बम्हनी एवं 35वीं व 36वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल के जवानो द्वारा किया गया। पुलिस बल ने विभिन्न गलियों, मुख्य मार्गों और बस्तियों में मार्च किया।

खेल अकादमी भोपाल में टैलेंट सर्च के माध्यम से प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिला कुश्ती संघ मंडला के सचिव संदीप कुमार कछवाहा ने बताया कि राज्य शासन की कुश्ती अकादमी भोपाल में शामिल करने हेतु 12 से 18 वर्ष तक के बालक बालिका का प्रथम चरण चयन 9 जून 2025 को जबलपुर मे किया जाएगा। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने बताया कि पहलवानों के चयन होने पर उन्हें निःशुल्क भोजन, आवास, चिकित्सा, उच्च स्तरीय प्रशिक्षण राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टूर्नामेंट एक्स्पोजर भी मिलेगा। कुश्ती खिलाड़ी/ पहलवान को आधार कार्ड, स्थानीय मूल निवासी प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। चयन ट्रायल युवा भवन जबलपुर पर 9 जून 2025 को प्रातः 9:00 से 10:00 बजे तक वजन होगा। इसके बाद प्रथम चरण चयन प्रक्रिया इसमें जबलपुर संभाग का कोई भी अखाड़े व ग्रामीण अंचल के पहलवान भी भाग ले सकते हैं। मंडला जिले के सभी अखाड़े से अनुरोध है कि आप सभी अपने उत्कृष्ट पहलवानों को भाग लेने अवश्य भेजें। भाग लेने वाले खिलाड़ी नियत तिथि में समय पूर्व विनय प्रजापति, जितेंद्र सिंह राजपूत से संपर्क कर सकते हैं।

अपर कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा

मण्डला। अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन एवं उच्च न्यायालय के लम्बित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। 50 से अधिक दिवस के लम्बित प्रकरणों के संबंध में चर्चा करते हुए विभागों को आवश्यक निर्देश दिये। अपर कलेक्टर ने कहा कि अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर जिले की रैंकिंग को बेहतर करने का प्रयास करें। बैठक में उच्च न्यायालय के प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

निर्देश | विभागवार निर्देशों का संबंधित विभाग अनिवार्यतः पालन करें-कलेक्टर श्री मिश्रा।

एपीसी की फॉलो बैठक में कलेक्टर के निर्देश

*** खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने एपीसी द्वारा विगत दिनों में ली गई बैठक के संबंध में संबंधित अधिकारियों की फॉलो बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि एपीसी की बैठक में दिए गए विभागवार निर्देशों का संबंधित विभाग अनिवार्यतः पालन करें। उन्होंने बैठक में कृषि, मार्कफेड, मत्स्य, उद्यानिकी, पशुपालन, जिला सहकारी मर्यादित एवं संबंधित विभागों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि संबंधित विभाग शासन स्तर से प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करें।

कलेक्टर ने मण्डला, निवास, बिछिया तथा नैनपुर में डबल लॉक केन्दों के आधुनिकिकरण के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने उर्वरक भंडारण की समीक्षा करते हुए जिले की क्षमता के अनुसार खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही विकासखण्डों में उपलब्ध खाद का आवश्यकतानुसार उठाव करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएफएमई, ड्रिप एप्लीकेशन एवं स्प्रिंक्लर, आचार्य विद्यासागर योजना एवं केसीसी निर्माण, कोल्ड स्टोरेज, नरवाई प्रबंधन, नवीन मिट्टी परीक्षण, उर्वरक ग्राम प्रदाय सेवा सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। गोलमेज में सम्पन्न हुई इस बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, उप संचालक कृषि मधु अली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

07 पेटी (63 लीटर) बिलायती अंग्रेजी शराब सहित एक टवेरा वाहन को किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निवास के मार्गदर्शन में थाना बीजाडांडी मे कल दिनांक 06/06/2025 को टीम गठित कर अवैध शराब रेड कार्यवाही कर (1) आरोपी दीपांशु दुबे पिता दयाशंकर दुबे उम्र उम्र 21 साल निवासी ग्राम मेढी मनेरी बीजाडांडी मंडला (2) गणेश बेन पिता गुड्डू बेन उम्र 19 साल निवासी ग्राम मेढी मनेरी बीजाडांडी मंडला के कब्जे घटना में प्रयुक्त आरोपित एक सफेद रंग की टवेरा वाहन क्रमांक MP20BA4326 कीमती 5,00,000 रूपये जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब जिनियस व्हीस्की की 07 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 क्वाटर प्रत्येक में 180 एम.एल. शराब कुल मात्रा 63 लीटर कीमती करीबन 47,250 रुपये रूपये कुल जुमला कीमती 5,47,250 रूपये की मशरूका की जप्ती की गई है। उक्त दोनो आरोपीयों के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया।

थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक पुष्प करण मुवेल, उनि नीलेश पटैल, उनि पंकज विश्वकर्मा, सउनि छवि लाल सूर्यवंशी, प्र.आर.374 चैनसिंह कुलस्ते, प्र.आर. 267 जय पाण्डे, प्र.आर.64 रविन्द्र मरावी, आर.11 संदीप मेवाडा, आर. 627 रोहित कुशवाहा, आर. 608 महेन्द्र मार्को, आर. 643 देवेन्द्र धुर्वे, आर. 248 जय सिंह मेरावी, आर. 373 प्रतीक रजक, चालक आरक्षक 208 विजय छिरा की विशेष भूमिका रही।

विद्युत शवदाह गृह निर्माण की मांग की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान.....?

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर नगर का लगातार विकास होने के साथ इसकी आवादी में भी इजाफा होते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में नगर का एक मात्र शमशान घाट की स्थिति बिगड़ने के चलते नगरवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर के शमशान घाट पर भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाती है कि जब नगर के अंदर पांच लोगों से अधिक की मौत हो जाती है, क्योंकि शमशान घाट पर मात्र शवदाह करने के लिये 5 सेट बने हुये है। इस स्थिति में अनेकों पर नगरवासियों को खुले मैदान में शव दाह करते हुये देखा जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये वर्ष यानि की नम्बर माह 2019 में नगर के श्रीमशान भैरव बाबा मंदिर समिति द्वारा जिला कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौपते हुये विद्युत शवदाह घर के निर्माण की मांग की गई है। उस समय सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया था कि कहने के लिये तो नगर पालिका के पास के पास शमशान घाट के नाम पर 18 एकड़ भूमि पड़ी हुई है, मगर वह लगातार अतिक्रमण के भेंट चढ़ते हुये देखी जा रही है। इस स्थिति के चलते मौके पर मुश्किल से मात्र 5 एकड़ भूमि ही सुरक्षित देखने मिल रही है, जिसके चलते यहां की स्थिति में अनेकोबार जब नगर में लोगों की मौते होती है तो शमशान घाट पर बने हुये 5 सेट भरे हुये रहते है तो दूसरी ओर अनेको बार शवों को जलाने के लिये लकड़ी का आभाव भी देखने मिलता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये यदि शासन प्रशासन द्वारा नगर के एक मात्र शमशान घाट पर अतिरिक्त रूप में विद्युत शवदाह घर का निर्माण करा दिया जाता है तो निश्चित ही इससे नगरवासियों को सुविधा मिलने लगेगी। वह वही लोगों को शव का दाह संस्कार करने के लिये लकड़ी खरीदने की परेशानियों से निजात मिलेगी। इस तरह दो वर्ष पहले सौपे गये विद्युत शवदाह घर की मांग पत्र की प्रति क्षेत्र के सांसद, विधायक सहित नगर पालिका अध्यक्ष व अनुविभागीय अधिकारी को भी प्रेषित की गई थी। मगर दो वर्ष से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा श्रीमशान भैरव बाबा समिति की इस मांग की ओर आज तक कोई पहल नही की गई है।

नगर में जहां तहां लगे अवैध होडिंग्स लगा रहे नगर की सुन्दरता को ग्रहण, न्यायालय के आदेश के बाद भी नही हो पा रही कार्यवाही?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में विकास की गंगा बहाते हुए नगर की सुन्दर बनाने में लगे हुए है। मगर वही दूसरी ओर देखा जावे तो नगर में जहां तहां लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते होडिंग्स लगाते हुए नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है? जबकि गौर किया जावे तो विगत कुछ समय पूर्व मा. उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार से शहरों में जहां तहां लगे हुए होडिंग्स पर नपा प्रशासन को आदेश देते हुए कार्यवाही किये जाने का आदेश जारी किया गया था, जिसके चलते शुरूआती तौर पर तो नपा प्रशासन द्वारा नगर में जहां तहां लगे हुए होडिंग्सों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटा दिया गया था। मगर चंद दिनों बात पुनः देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा उन्हें स्थानों पर फिर अपने होडिंग्स खड़े कर दिये गये है, जिसके चलते जहां नगर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है? कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनों जिला कलेक्टर द्वारा फिर इस तरह सड़क किनारों पर लगे हुये होडिंग्सों को हटाने के लिये आदेश दिये जाने के बाद जिला मुख्यालय पर तो यह कार्यवाही होते हुये देखी जा रही है। मगर शहर में अभी तक इस आदेश को लेकर प्रशासन की चुप्पी सबाल खड़े करते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर सड़कों के किनारे नियम विरूद्ध लगे हुए होडिंग्सों के चलते आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक जगहों पर लगे हुए बड़े बडे होडिंग्सों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सड़कों पर यह सामने दिखाई देने वाली जगह को इस प्रकार से घेर लेते है कि वाहन चालक को सामने से आने वाला वाहन ही दिखाई नही देते है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित होने से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नगर में जहां तहां खड़े हुए अवैध होडिंग्स को लेकर लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए तो मजबूर होना ही पड़ रहा है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो नगर की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर जहां मन में आता है वहां पर होडिंग्स लगाते हुए जहां लोगों से किराया बसूला जा रहा है जिसके चलते नगर की सुन्दरता बिगड़ रहे है। जबकि बताया जाता है कि कही पर होडिंग्स लगाने के लिए नियमानुसार नपा से अनुमति ली जाती है। मगर इस समय नगर में अनेक जगहों पर देखा जा रहा है कि बगैर अनुमति के जहां तहां होडिंग्स खड़े हुए है।

पैसा वाले लोगों द्वारा अपनी शान पूरी करने के लिये खरीदे गये वाहनों को मुख्य सड़कों पर दिन रात खड़े किये जाने से आमजन को झेलना पड़ रही है मुशीबत

जाम शहर के रूप में रोशन हो रहा गाडरवारा का नाम

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

जिस प्रकार से गाडरवारा शहर ने सारी दुनिया में अपने शांति प्रिय स्वभाव को लेकर प्रसिद्ध बनाई गई है। अब उसको ग्रहण लगते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के कारोबार के चलते युवा पीढ़ी उसकी गिरफ्त में समाते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर यातायात व्यवस्था जिस तरह पटरी से उतरते हुये देखी जा रहे है। वह आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहीहै। यदि गाडरवारा क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस समय हमारा क्षेत्र जाम की प्रसिद्धी को लेकर संपूर्ण प्रदेश से लेकर अन्य प्रदेशों में अलग ही पहचान बनाते हुये दिखाई देने लगा है..? क्योंकि शहर के अंदर जहां तहां छलकते हुये जामों का हाल इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि रात के समय शराब खोरी करने के बाद सड़को पर होने वाली मटर गस्ती की सच्चाई किसी से छिपी नही है और बाइकर्सो की धमाचौकड़ी के कारण सभ्य लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी नगर के अंदर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही गाडरवारा का दूर दूर तक रोशन कर रहा है नाम? वैसे भी देखा जावे तो क्षेत्र की सड़को पर निकल रहे गड्ढो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि ग्राम कामती व शहर के शांतिदूत तिरहा के पास बने हुये गड्ढे जहां अपने कई जन्म दिन मना चुके है तो दूसरी ओर शक्कर नदी पुल के निकलते हुये गड्ढे निश्चित तौर से बर्ल्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराने की ओर अग्रसर होते हुये चले जा रहे है? क्योंकि यहां पर निकले हुये गड्ढो का हाल इस तरह बन चुका है कि वह धीरे धीरे शक्कर नदी के पुल के नीचे की जमीन को खोखला करते चले जा रहे है और खोखली हो रही पुल के समीप की जमीन की दहशत के चलते यहां से निकलने वाले वाहन चालकों द्वारा अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एक साईड से वाहन निकालने के लिये मजबूर हो रहे है। इस स्थिति में पुल के ऊपर जाम की स्थिति आये दिन बनने से नही चूक पा रही है। पुल पर जाम लगने के कारण जहां आमजन से लेकर स्कूल कालेज जाने वाले छात्र छात्राओं को भी अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। यह बात अलग है कि बीते हुये माह शिवरात्री के चलते यहां पर सुधार हो जाने से स्थिति में सुधार हुआ है। मगर वह चार दिन की चांदी फिर अधियारी रात साबित होने से नही चूकेगा? कुछ इसी प्रकार का हाल समीपस्थ ग्राम कौड़िया के पास देखने मिल रहा है जहां पर ग्राम के अंदर फैले हुये अतिक्रमण के कारण यहां पर दिन में अनेकों बार जाम की स्थिति पैदा होने के कारण लोग अपने वाहनों सहित घंटो तक इस जाम में फंसे हुये देखा जाना आम बात बन चुकी है? कुछ इसी तरह का हाल नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर दिखाई देने से नही चूक रहा है। क्योंकि इस मार्ग पर पड़ने वाला रेल्वे फाटक कभी कभी घंटो तक बंद रहने की स्थिति में बडे वाहन यहां पर फंस जाते है जिन्हें निकलने के फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। वही दूसरी ओर गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाले मार्ग पर भी सालीचौका पौड़ार तिरहा के समीप आये दिन लगने वाला जाम क्षेत्र के लोगों को परेशानी का कारण बन चुका है। वही दूसरी ओर दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा का हाल तो सबसे खतर नाक बना हुआ है जहां पर मुख्य मार्ग पर लगने वाले बाजार के कारण आमजन की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही बच पा रही है। इस तरह गाडरवारा क्षेत्र में चारों ओर लगने वाले जमों के बीच फंसी हुई गाडरवारा शहर की प्रसिद्धि निश्चित तोर से दूर दूर तक फैलने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर नगर के अंदर का हाल तो यह बना हुआ है कि धनवानों द्वारा अपनी जरूरत पूरी करने के लिये चार पहिया वाहन खरीद लेते है मगर उन्हें रखने की व्यवस्था नही होने के चलते वह अपने वाहनों को घरों के सामने मुख्य सड़को पर खड़ा करना अपनी शान समझने से नही चूकते है। इस तरह नगर के अंदर सड़को पर धनवानों के खड़े रहने वाले वाहनों के चलते अन्य दूसरे वाहनों को प्रवेश करना मुश्किल होने से नही चूकता है। इस स्थिति में नगर पालिका का सफाई वाहन हो या फिर गैस टंकी पहुंचाने वाले वाहनों को शहर के अंदर कालोनियों में प्रवेश करना मुश्किल होना आम बात बन चुकी है। इस तरह जाम के बीच फंसे हुये इस शहर व क्षेत्र में भयानक स्थिति उस समय निर्मित हो जाते है जब किसी व्यक्ति की किसी कारण बस जिन्दगी खतरे में पड़े हुई हो और उसे इलाज हेतु बाहर ले जाने की नौबत पड़ जावे तो उसकी जिन्दगी पूर्णरूप से भगवान भरोसे होने से नही चूक पाती है? क्योंकि गाडरवारा से जिला मुख्यालय की ओर जाने वाले मार्ग पर जहां शक्कर नदी पुल व कौड़िया में लगने वाला जाम नासूर बन चुका है? वही दूसरी ओर यदि कोई व्यक्ति गाडरवारा से होशंगाबाद की ओर जाने की सोच रखता है तो उसे इस मार्ग पर सड़क से अधिक ऊचाई वाली रोड़ यानि की सड़क शोल्डर तो खतरा पैदा कर ही रहे है साथ ही साथ जहां पर गन्ना सीजन में लगने वाला जाम अपने घर से निकलने के पहले अनेकोबार सोचने के लिये मजबूर कर देता है? इसके आलवा नगर से चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे गेट की स्थिति निश्चित तौर से क्षेत्रवासियों के लिये खतरे की घंटी बजाने से नही चूक पा रही है..? यह बात अलग है कि जब चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर रेल्वे गेट के पास ओबर ब्रिज की स्वीकृति हुई थी तो लोगों ने सोचा था कि अब गेट से मुक्ति मिल जावेगी। मगर इस ब्रिज का निर्माण जिस गति व गुडवत्ता से चल रहा है उससे यह उम्मीद नही की जा सकती है कि शहर के लोगों को शीघ्रता से इसका लाभ मिल पायेगा? इस तरह से शहर के अंदर शाम होते हुये छलकने वाले जामों से लेकर सड़को पर वाहनों का लगने वाला जाम निश्चित ही इस शहर को दूर दूर तक प्रसिद्ध करते हुये दिखाई देने लगा है। क्योंकि गाडरवारा से नरसिंहपुर व गाडरवारा से पिपरिया की ओर जाने वाला मार्ग जहां राष्ट्रीय स्तर का मार्ग होने के कारण इस मार्ग से सिर्फ क्षेत्रवासियों का आना जाना ही नही होता है बल्कि लम्बी दूरी के वाहनों का निकलना भी होता है। मगर इस मार्ग पर अनेक जगहो पर बनने वाली जाम की स्थिति के चलते जब बाहर के लोग फंसकर परेशान होते हुये देखे जाते है तो निश्चित तौर से वह अपने शहर में गाडरवारा की चर्चा करने से नही चूकते होगे और जब कोई व्यक्ति यहां पर परेशानी का सामना करके निकलेगा तो फिर वह क्या चर्चा करेगा इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है? इस तरह क्षेत्र की सड़को की बदहाल हो रही स्थिति व सड़को पर लगने वाला जाम निश्चित ही नगर की प्रसिद्धी को जहां ग्रहण लगाते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार से ध्यान न देना इस बात का संकेत देते हुये देखा जा रहा है कि क्षेत्र में किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने के बाद ही अधिकारियों की कुंभकर्णी निंद्रा भंग हो पायेगी?

सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी नहीं किये जाने को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को खेती धंधे को लाभ का धंधा बनाने की बात कहते हुये अन्नदाता का आय को दुगना करने की बात कही जा रही है। मगर जब किसानों अपनी खेती के लिये जरूरी सामग्री की जरूरत होती है तो वह समय पर नही मिल पाने के कारण किसानों को परेशान होते हुये देखा जाता है। मगर इसके बाद भी किसान किसी तरह से अपनी फसलो को खून पसीना एक करते हुये तैयार कर लेता है। मगर उसकी सही कीमत नही मिलने के कारण ओने पोने दामों में बेचने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। इस स्थिति में किसानों द्वारा अपनी फसल को तैयार करने में लगाई जाने वाली लागत भी खड़ी नही हो पाती है। इस स्थिति में किसान जहां कर्ज के बीच तले दबने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई गर्मी सीजन की मूंग फसल को देखते हुये जान पड़ रही है। क्योंकि हर साल प्रदेश सकरार द्वारा किसानों द्वारा पैदा की जाने वाली गर्मी मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदा जाता था। इसी के चलते क्षेत्र में मूंग फसल का लगातार रकवा बढ़ते हुये देखा जा रहा है। इस वर्ष भी किसानों को पूरा भरोसा था कि हर साल की भांति शासन प्रशासन द्वारा उनके द्वारा पैदा की जा रही मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदते हुये किसानों को मदद पहुंचाई जावेगी। इसी सोच के चलते क्षेत्र के अन्नदाता द्वारा बड़ी ही उम्मीदों के साथ अपने घर की जरूरी सामग्री साहूकारों के पास रखते हुये कर्ज लेकर मूंग फसल को तैयार करने में काफी लागत लगाई गई थी। मगर अचानक सरकार द्वारा मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने से इंकार कर दिया गया है। क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे अनेक प्रकार के वीडियों में देखा जा रहा है कि सरकार द्वारा किसानों की मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर नही खरीदने की बात कही जा रही है..? क्योंकि अभी तक मूंग फसल को खरीदने के लिये किसी तरह के न तो आदेश जारी हुये है और न ही पंजीयन शुरू हुआ है। जबकि किसानों की मूंग फसल कटकर तैयार हो चुकी है। दूसरी ओर कर्जदार बन चुके किसानों को मजबूरी के बीच उसे मंडियों में ओने पोने दामों में बेचते हुये देखा जा रहा है। इस स्थिति में अचानक किसानों को मिले इस धोखे के चलते जहां किसानों में आक्रोश देखने मिल रहा है। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस कांग्रेस द्वारा प्रदेश सरकार का विरोध करते हुये मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे को ज्ञापन सौपते हुये शीघ्र की किसानों द्वारा गर्मी सीजन में लगाई गई मूंग फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्रीमति सुनीता पटैल के आलवा दीनदयाल ढिमोले, जिला पंचायत सदस्य मौना कौरव, कांग्रेस नेता मनीष राय, सांईखेड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सहित अनेक लोग मौजूद थें।

नवागत जिला शिक्षा अधिकारी पहली बार हुआ क्षेत्र में आगमन

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी को बीते हुये दिवस पहलीवार क्षेत्र में आगमन होने पर उनके द्वारा स्थानीय बीटीआई स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी एम एस खान द्वारा क्षेत्र के चीचली एवं साईखेड़ा ब्लॉक के संकुल प्राचार्यो की बैठक ली गई। बताया जाता है कि बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया तदोपरांत जिला शिक्षा अधिकारी खान का क्षेत्र में पहलीबार आने के अवसर पर प्राचार्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर स्थानीय स्कूल की प्राचार्य सुनीता पटैल सहित अधिकारियो एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी खान ने कहा कि नए सत्र में नामांकन पर विशेष ध्यान देते हुए उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। वही इस बात का विशेष ध्यान रहे कि पोर्टल पर नामांकन का कार्य भी साथ में चलता रहे जिससे की पेंडेंसी नही रहना चाहिये। इस दौरान उन्होंने बैठक में कहा कि हमारा जिला बोर्ड परीक्षा परिणामो में इस वर्ष भी अव्वल रहा है। हम सभी नए सत्र में बेहतर नवाचारो के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिये अभी से कमर कसकर काम करना है। क्योंकि प्रदेश में हमारे जिले की जो शान बनी हुई उसे कायम रखना है। इस बैठक में रमसा एडीपीसी दीपक अग्निहोत्री ने कहा कि सभी साथी नये सत्र में लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करें। बैठक को ब्लाक शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे, नीलम मरावी के आलवा प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक, जय मोहन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस बैठक में चीचली व सांईखेड़ा ब्लाक के अंतर्गत आने वाली शिक्षण संस्थाओं के अनेक प्राचार्य मौजूद थें।

एक दर्जन ग्रामों में निकली नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा, चौपाल के माध्यम से से दिया जा रहा हैजल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

हरिभूमि न्यूज/ साईंखेड़ा। जिला मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा नर्मदा जी के दक्षिण व उत्तर तट पर एक साथ निकाली जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये 2 जून को जिले में नर्मदा जी के दक्षिण व उत्तर तट में नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में ग्रामीणों से विभिन्न जानकारियां जुटाई जा रही हैं। वही दूसरी ओर ग्रामों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान मप्र जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने बताया कि नर्मदा जी के दक्षिण तट सांईखेड़ा विकास खंड के ग्राम थरेरी में श्रमदान कर स्वच्छता के साथ यात्रा प्रारंभ हुई। इसके बाद नर्मदा जी की आरती कर ग्राम कीरखेड़ा, भटेरा, तिमरावन, रिछावर एवं सोकलपुर से यात्रा निकली जो उसराय पिपरिया कला होते हुए पीपरपानी में रात्रि चोपाल एवं भोजन विश्राम रहा उसके बाद पिटरास खिरेटी झिकोली निवाबर संदूक में यात्रा दल पहुचा जिसमें नवांकुर संस्था अध्यक्ष राकेश खेमरिया, साहब सिंह लोधी, सत्यपाल राजपूत, हर्षित राजपूत, राजेन्द्र पटेल, दृगपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, इंन्द्रपाल सिंह, कमलेश सिंह, राणा साहब गुर्जर, राम लखन, कुलदीप सिंह, रेवाशंकर, केदार सिंह राजपूत, विजय मालपानी, नवनीत शर्मा, मेघराज सिंह राजपूत, दिनेश पाडे, रामपाल राजपूत शील कुमार पटेल, मोहन शर्मा, धनसिंह राजपूत, अभिषेक शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वही नर्मदा तट के गांव में यात्रा निकाली जा रही इस यात्रा में ग्रामों में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

मुख्यमंत्री के गाडरवारा प्रस्तावित आगमन की तैयारी के मद्देनजर जिला कलेक्टर लेते हुये सौपे दायित्व

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के परसों 9 जून को प्रस्तावित गाडरवारा आगमन के मद्देनजर होने वाली तैयारी के लिए जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संबंधित अधिकारियों की बैठक स्थानीय स्तर लेते हुये उन्होंने अधिकारियों अलग अलग दायित्व सौपे गये है। इस बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों पर बिन्दुवार चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बताया जाता है कि कलेक्टर ने सेक्टरवार अधिकारियों की ड्यूटी, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, सफाई व्यवस्था, रोड शो रूट की साफ- सफाई व मरम्मत, आम सभा डोम, सेफ हाउस, ग्रीन रूम, विद्युत, कार्यक्रम स्थल पर लगाई जाने वाली विभागीय प्रदर्शनी, हितलाभ वितरण, लोकार्पण व भूमिपूजन, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की जानकारी ली और इन्हें समय से पूर्व पूरा करने के निर्देश दिए। नगर में आयोजित की गई इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावति व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम, नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद थें।

फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज/चीचली। क्षेत्र मे इन दिनो फर्जी डिग्रीधारी, डॉक्टर अनपढ़ लोगो को दवाइयों के नाम पर लूट खसोट करने मे कोई कोर कसर बाकी नही रखते है? जबकि अंचल में पड़ोसी राज्यो के फर्जी डॉक्टरों द्वारा दवाई करने के नाम पर डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पड़ोसी राज्यों बंगाल, बिहार, कलकत्ता,उड़ीसा आदि राज्यों सें आकर लोग डॉक्टरी पेशे को कमाई का जरिया बनाये हुए है और जो लोगों को दवाइयां करने के नाम पर ठगने मे कोई कोताही नही बरतते है? इतना ही नही मर्ज कितना भी जटिल क्यो न हो ये डॉक्टर दवाई करने से नही चूकते है, मजेदार बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इनसे दवाई करवाने क्षेत्र से अधिकांशतः अनपढ़ लोग आते है। जिसका फायदा ये चिकित्सक आराम से उठा रहे है,बकायदा अपने डिस्पेंशरी मे साइन बोर्ड लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते है, इतना ही नही वोर्ड मे कई देशी व विदेशी संस्थानों से डिग्री पास करने का उल्लेख करते है जबकि हकीकत कुछ और ही है,इनमे अधिकांशतः पांचवी पास भी नही है। लेकिन उपचार के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाने मे माहिर है,इनमे दवा कराने के बाद लोगों को गंभी अवस्था मे चिकित्सालय लाया जाता है जिसमें गरीबों का पैसा और स्वास्थ्य दोनो का नुकसान हो चुका होता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग इन पर कार्रवाई करने से परहेज कर रहा है।

दलालों का बोल बाला होने से अव्यवस्थाओं का शिकार हो रहा है नगर का मवेशी बाजार

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से प्रति रविवार को नगर में लगने वाला मवेशी बाजार सिर्फ जिले में ही नही बल्कि दूसरे जिलों में भी प्रसिद्ध हो चुका है, जिसके चलते प्रत्येक रविवार को यहां पर दूर के व्यापारी पहुंचकर मन पसंद मवेशी खरीदने के लिए आते है। मगर कुछ समय से यह बाजार लगातार दलालों के चंगुल में आ जाने के कारण सीधे साधे व्यापारियों के लिए सिर्फ परेशानी का कारण ही नही बल्कि अव्यवस्थाओं का शिकार भी हो रहे है? यदि इस मवेशी बाजार की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र के किसान अपने मवेशियों को यहां पर बेचने के लिए लाते है। मगर बाजार में मौजूद दलालों के चलते लोग अपने मवेशी को मन के मुताबिक कीमत पर नही बेच पाते है यदि किसी व्यक्ति को कोई मवेशी खरीदना या बेचना होता है तो वह दलालों के माध्यम से ही खरीद या विक्री करने के लिए मजबूर होता हुआ दिखाई दे रहे है। इस स्थिति के चलते जहां पशु मालिकों को उनका सही दाम नही मिल पा रहा है वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जब कोई व्यक्ति दलालों के अनुसार अपने मवेशी की खरीदी या बिक्री नही करता है तो दलाल नुमा लोग उन्हें परेशान करने से भी नही चूकते है? इस सच्चाई को लेकर जहां यह बाजार अपना आस्त्वि खोते हुए दिखाई देने लगा है, वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस बाजार में पुलिस की तैनाती नही रहने की स्थिति में कुछ दलाल नुमा लोगों द्वारा खुलेआम पुलिस के नाम पर मवेशी परिवहन करने वाले लोगों से अवैध बसूली करते हुए दिखाई दे रहे है? जिसकी सच्चाई बीते हुए बाजार में भी देखने मिली है। बताया जाता है कि जहां क्षेत्र के किसान अपने मवेशियों को बेचने के लिए वाहनों के माध्यम से लाते है उन किसानों से भी कुछ लोगों से अपना पुलिस के बीच प्रेम प्रसंग का बास्ता देते हुए पुलिस के नाम पर अवैध बसूली करते हुए आसानी से देखे जा रहे है? वही दूसरी ओर कुछ इस प्रकार के व्यापारी भी है जो बाजार से थोंक में बूढे मवेशी खरीदने के बाद उन्हें कसाई घरों ले जाने के लिए उन्हें अपने वाहनों में कूरूरता पूर्वक भर कर ले जाने से नही चूकते है, इस प्रकार के लोगों को कुछ लोगों द्वारा पुलिस से पूरी सुरक्षा का जिम्मा लेने का भरोसा दिलाते हुए उनका नियम विरूद्ध परिवहन कराने से भी नही चूक रहे है? पहले देखा जाता था कि जब इस मवेशी बाजार में पुलिस की डियूटी रहती थी तो मवेशियों का अवैध रूप से करूरता पूर्वक परिवहन करने वालों की गतिविधियों पर अंकुश लगा हुआ था, मगर अब घोषित रूप से पुलिस की डियूटी नही रहने के कारण कुछ दलालों द्वारा इस प्रकार से कूरूरता पूर्वक पशुओं को ले जाने वालों से पुलिस के नाम पर पैसा बसूलते हुए पुलिस की कार्य प्रणाली पर दाग लगाने से नही चूक रहे है? इस प्रकार से प्रति रविवार को देखा जाता है कि नगर के मवेशी बाजार में मवेशियों का क्रय विक्रय कराने से लेकर उनका परिवहन कराने का जिम्मा लेने की बात करते हुए खुलेआम अवैध बसूली करते हुए देखे जा रहे है? इसी का परिणाम है कि गाडरवारा क्षेत्र में फिर पशुओं की कुरूरता पूर्वक परिवहन की गतिविधियाँ नजर आने लगी है तथा शहर सहित क्षेत्र के आसपास अनेक जगहों से पशुओं को खुलेआम वाहनों में कुरूरता पूर्वक भरा जा रहा है? इस प्रकार से पुलिस के नाम पर दलाल नुमा लोगों द्वारा की जा रही अवैध बसूली की सच्चाई को लेकर पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बनते हुये नजर आने से नही चूक पा रही है?

खबर संक्षेप

आरोपी सूदखोर मोतीलाल साहू की न्यायालय ने जमानत की निरस्त

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला लोक अभियोजक अनूपुपर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्याज का धंधा करने वाले आरोपी मोतीलाल साहू की जमानत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल ने निरस्त करते हुये आरोपी को जेल भेज दिया। आरोपी मोतीलाल साहू पिता ईश्वरदीन साहू निवासी बिजुरी उर्जानगर थाना बिजुरी तहसील कोतमा के उपर आरोप है कि उसने फरियादी धरमजीत कोल को 10 प्रतिशत मासिक बयाज की दर से 20,000/-रू0 उधार दिया और अमानत के तौर पर उसका एटीएम एवं चेक बुक बेईमानी से अपने पास रख लिया तथा उक्त एटीएम एवं चेक बुक के करीब 1 लाख रूपये निकाल लिया और फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दिया। उक्त अपराध के संबंध में थाना बिजुरी में अपराध कायमी की जाकर विवेचना करते हुये आरोपी से फरियादी का चेक बुक, एटीएम जप्त किया गया और उसके और फरियादी के बैंक लेन देन की जानकारी जप्त की जाकर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल की न्यायालय में अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आरोपी को पूर्व में थाना द्वारा मुचलका के आधार पर छोडा गया था किन्तु माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त करते हुये उसे जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया। प्रकरण की पैरवी शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की।

प्रन्युस व वन विभाग की टीम ने सपेरों से 8 सांपों को किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। सांप का खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन कर अंधविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य करते सपेरों को प्रनयुस की टीम द्वारा रेस्क्यू किया गया।विदित हो कि ग्राम पंचायत भेजरी के ददरा टोला ग्राम में छत्तीसगढ़ से आए हुए सपेरों के द्वारा अपना अस्थाई झोपड़ी बनाकर पड़ोसी ग्रामों में लगातार सांप का खेल दिखाया जा रहा था। गांव के कुछ जागरूक नागरिकों को इस विषय में पता चला तो उन्होंने बड़ी सजगता से प्रनयुस की टीम को सूचित किया, संस्था के सदस्यों और वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच कर सपेरों से कुल 8 सांपों का रेस्क्यू किया और सपेरों को समझाया कि ऐसा करना गैरकानूनी व गैरमानवीय है इसलिए आजीविका का कोई और साधन चुने और एक सम्मानित जीवन जी सकें। साँपों को मारना, पकड़ना तथा खेल प्रदर्शन करना गैरकानूनी वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत सांपों को पकड़कर खेल दिखाना पूर्णतः गैर कानूनी है, साथ ही, सांपों को शिकार करना या अवैध रूप से व्यापार करना अपराध माना जाता है। इस अधिनियम के तहत उल्लंघन करने पर सजा का प्रावधान है, जिसमें जेल और जुर्माना शामिल है। यह अधिनियम वन्य जीवों के साथ ही सरीसर्पों के संरक्षण व संवर्धन पर जोर देती है ताकि जैव विविधता को बेहतर बनाया जा सके ।प्रणाम नर्मदा युवा संघ का सर्पदंश जागरूकता एवं अंधविश्वास निवारण कार्यक्रम। विदित हो कि अनूपपुर जिले की सक्रिय सामाजिक संस्था प्रनयुस द्वारा सर्पदंश बचाव प्रकल्प के माध्यम से सर्पदंश पश्चात होने वाली घटनाओं को कम करने के लिए लगातार सर्पदंश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर गांव गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

. भाजपा की जिला कार्यशाला सम्पन्न, आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

भाजपा के निर्देशानुसार मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना हमारा लक्ष्य : नेताम

डिंडौरी । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे की उपस्थिति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं रणनीति तैयार की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माताए पंण दीनदयाल उपाध्यायए डॉण श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।

. जन.जन तक पहुंचे सरकार की योजनाएं भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर जिले में पत्रकार वार्ताए मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभाए शहरों व ग्राम पंचायतों में पंचायत चौपाल का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए नेताम ने बताया कि 5 जून कृ विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण व बीज प्रत्यारोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। 21 जून कृ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रत्येक मंडल में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 23 जून कृ डॉण श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर प्रत्येक मतदान केन्द्र में कार्यक्रम किया जाएगा। 25 जून कृ आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर जिला स्तर पर सेमिनार आयोजित कर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। 6 जुलाई कृ डॉण श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती मनाई जाएगी। . संकल्प से सिद्धि तक की ओर भारत जिला महामंत्री ज्ञानदीप त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से अग्रसर है। इस उपलब्धि को मंडल स्तर व शक्ति केंद्रों में चौपाल लगाकर जनता तक पहुँचाया जाएगा। .

आपातकाल के काले अध्याय पर होगी चर्चा

जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन और अत्याचार की जानकारी आगामी कार्यक्रमों में दी जाएगी।

. पर्यावरण सरंक्षण व योग का संदेश

जिला उपाध्यक्ष बद्रीप्रसाद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत हर मतदान केंद्र पर वृक्षारोपण किया जाएगा एवं दो माह तक यह अभियान जारी रहेगा। जिला उपाध्यक्ष प्रीतम मरावी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी मंडलों में योग कार्यक्रम आयोजित कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया जाएगा। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री जयसिंह मरावी ने किया व आभार प्रदर्शन जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी ने व्यक्त किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारीए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से . मनोहर सोनीए पूर्व जिला महामंत्री संतोष साहूए जिला मंत्री सपना जैनए डिंडोरी मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्यए कीर्ति गुप्ताए मनका वनवासीए अनुराग गुप्ताए राजेन्द्र प्रसाद दुबेए पुनीत जैनए पवन शर्माए राहुल पाण्डेयए ए राजेश्वर साहूए हेमसिंह राजपूतए वर्षा कुशरामए शिवराम राजपूतए सुशील यादवए अनिल साहूए कृष्णकुमार मिश्राए सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

वाहन चेकिंग के दौरान अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्तए तीन आरोपी गिरफ्तार

डिंडौरी थाना बजाग पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्यवाही करते हुए एक ग्रे रंग की ग्लैंजा कार ;क्रमांक भ्ब 51 ठल 5835द्ध से करीब 3ण्056 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ ;गांजाद्ध बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जब्त गांजा की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 30ए000ध् आंकी गई है। जानकारी के अनुसारए गुरुवार को थाना बजाग क्षेत्र में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध दिखाई देने पर उक्त कार को रोका गया। वाहन में सवार तीन व्यक्तियों से पूछताछ और वाहन की तलाशी के दौरान गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में कृरोहित कुमार पिता अनिल त्यागी ;उम्र 26 वर्षद्धए निवासी ग्राम भनेड़ा खुर्दए थाना लोनीए जिला गाजियाबाद ;उण्प्रण्द्ध विनय कुमार पिता अशोक कुमार ठाकुर ;उम्र 30 वर्षद्धए निवासी वार्ड क्रमांक 10ए शंकरपुरीए शिकोहाबादए जिला फिरोजाबाद ;उण्प्रण्द्ध राहुल पिता राजन सिंह बघेल ;उम्र 22 वर्षद्धए निवासी न्यू बघेल कॉलोनीए शिकोहाबादए जिला फिरोजाबाद ;उण्प्रण्द्ध शामिल हैं। पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में बरामद मादक पदार्थ और वाहन को विधिवत जब्त कर लिया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 8ध्20ए एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अमृत कुमार तिग्गा के नेतृत्व में पुलिस टीम कृ सउनि रमेश कुड़ापेए मण्प्रण्आरण् 158 संगीता उईकेए प्रण्आरण् 90 शिवा पटेलए आरण् 33 कपिलदेव चौधरी एवं आरण् 47 महेन्द्र सिंह धुर्वे कृ का सराहनीय योगदान रहा। साथ हीए मौके पर उपस्थित साक्षीगणों का भी महत्वपूर्ण सहयोग

लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल में समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अनूपपुर जिले के बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों की शुरुआत इस बार कुछ अलग अंदाज में हुई। लिटिल स्टेप्स हाई स्कूल द्वारा आयोजित समर कैंप 2025 का पहला दिन बेहद जोश और उमंग के साथ संपन्न हुआ। पहले ही दिन 60 से अधिक छात्रों की भागीदारी रही और यह संख्या जल्दी ही 100+ को पार करने वाली है। दिन की शुरुआत सकारात्मक ऊर्जा से भरे योगाभ्यास से हुई, जिसके बाद बच्चों ने ट्रैम्पोलिन जंप, क्रिकेट, डिस्क थ्रो, डांस, और क्राफ्ट जैसी मजेदार और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। हर गतिविधि ने बच्चों को न सिर्फ आनंदित किया, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और टीम भावना भी विकसित की। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों की सेहत और ऊर्जा का भी पूरा ध्यान रखा। दिन भर की एक्टिविटीज के दौरान बच्चों को एनर्जी ड्रिंक्स और रिफ्रेशमेंट्स भी सर्व किए गए, जिससे वे पूरी ताजगी और उत्साह के साथ भागीदारी करते रहे। इस कैंप की सबसे खास बात यह है कि हर दिन कुछ नया और सरप्राइजिंग होने वाला है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर करौंदी में युवाओं ने किया पौधारोपण

डिंडौरी शहपुरा। विकासखंड के ग्राम करौंदी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर युवाओं ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए पौधारोपण महा अभियान चलाया। धारा सरस्वती शैक्षणिक एवं समाज उत्थान समिति के बैनर तले नीम के पौधे लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समिति के सचिव एडवोकेट निर्मल कुमार साहू ने बताया कि श्हमारी संस्था पिछले तीन.चार वर्षों से हर रविवार तथा विशेष अवसरों पर पौधारोपण अभियान चला रही है। केवल पौधे लगाना ही नहींए हम उनकी देखभाल और संरक्षण के लिए भी संकल्पबद्ध हैं। 5 जून 2021 को लगाए गए आंवले के पौधे आज विशाल वृक्ष बन चुके हैंए जो हमारे प्रयासों की साक्षी हैं।

समिति के मीडिया प्रभारी पत्रकार भीमशंकर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार पौधारोपण शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करौंदी के समीप स्थित बंजर भूमि पर किया गयाए जहां पूर्व में लगाए गए पौधे आज हरियाली में तब्दील हो चुके हैं। उन्होंने कहाए हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाए और उसकी देखभाल करेए ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध प्राणवायु मिल सके। युवाओं की यह पहल केवल एक दिन की गतिविधि नहींए बल्कि एक सतत अभियान है जो समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रही है। समिति ने आमजनों से भी अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं।

कांवड़ में नर्मदा जल लेकर अनूपपुर से केदारनाथ यात्रा पर निकले मन्नूलाल सेन

सपने में मिला मां नर्मदा का आदेश

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। मां नर्मदा की पवित्र पावन भूमि अमरकंटक से अनूपपुर निवासी मन्नूलाल सेन ने मां नर्मदा की पूजा अर्चना कर मां नर्मदा का आशीर्वाद लेकर कावड़ में मां नर्मदा के जल को लेकर केदारनाथ के लिए 1 जून को अमरकंटक से पद यात्रा में निकल पड़े जो वर्तमान में उमरिया जिले की सीमा में है उनकी यह पदयात्रा 61 दिन में पूरी होगी। कई बार पदयात्रा कर चुके मन्नूलाल सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मां नर्मदा के सपने में मिले संदेश के बाद मां नर्मदा को लेकर भगवान केदारनाथ तक की कठिन पदयात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि वह अनूपपुर जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 9 के निवासी हैं। यह कोई सामान्य यात्रा नहीं है, बल्कि भक्ति, विश्वास और दिव्य प्रेरणा से जुड़ी हुई एक अनोखी साधना है। मन्नूलाल सेन अपने साथ नर्मदा जल लेकर पैदल केदारनाथ की ओर अग्रसर हैं। वे कहते हैं कि यह यात्रा न केवल उनके लिए बल्कि समस्त मानवता के लिए एक संदेश है। जब मन में श्रद्धा हो और आत्मा सच्चे संकल्प से जुड़ी हो, तो कोई भी मार्ग कठिन नहीं होता। मन्नूलाल सेन बताते हैं कि एक रात उन्हें स्वप्न में माँ नर्मदा के दर्शन हुए। उस स्वप्न में नर्मदा मैया ने उनसे कहा, बेटा, मुझे अपने पिता के पास जाना है। मुझे केदारनाथ तक ले चलो। मन्नूलाल कहते हैं कि उन्होंने सपने को सिर्फ एक सपना नहीं माना, बल्कि उसे एक आदेश, एक आशीर्वाद समझा। माँ नर्मदा की इस आज्ञा को उन्होंने अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया और उसी दिन से उन्होंने इस कठिन यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। 1 जून को उन्होंने अमरकंटक से अपनी पदयात्रा की शुरुआत की। वे इस संकल्प के साथ चल रहे हैं कि 61 दिनों में केदारनाथ धाम पहुँचकर भगवान शिव के चरणों में नर्मदा जल अर्पित करेंगे। यह एक ऐसा अनुष्ठान है जिसमें श्रद्धा, आस्था और तप का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यह पहली बार नहीं है जब मन्नूलाल ने इस प्रकार की लम्बी पदयात्रा की हो।वे अब तक अनूपपुर से अमरकंटक तक 52 बार पदयात्रा कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने लगभग 3960 किलोमीटर लंबी कठिन नर्मदा परिक्रमा भी पूरी की है, जिसे आध्यात्मिक यात्रा का सर्वोच्च रूप माना जाता है। मन्नूलाल ने अनूपपुर से अयोध्या तक लगभग 850 किलोमीटर की पदयात्रा भी की है। हाल ही में कावड़ लेकर बाबा बैजनाथ धाम तक भी पदयात्रा किए हैं। उनकी यह यात्रा उनकी छठवीं बड़ी धार्मिक पदयात्रा है, लेकिन उनके अनुसार यह सबसे विशेष है,क योंकि यह स्वयं देवी नर्मदा के आदेश से प्रारंभ हुई है। अपनी यात्रा के पांचवें दिन वे उमरिया जिले के पाली पहुंचे, जहाँ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धा के साथ भोजन, जल और विश्राम की व्यवस्था प्रदान की। ग्रामीणों ने उनकी इस आस्था से भरी यात्रा को एक उदाहरण बताते हुए कहा कि आज के समय में ऐसे संकल्प दुर्लभ हैं। पाली में उपस्थित श्रद्धालुओं और युवाओं ने मन्नूलाल से उनकी यात्रा की प्रेरणा के बारे में जाना और भावुकता के साथ उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कई लोग इस बात से प्रभावित हुए कि एक सामान्य व्यक्ति कैसे एक असाधारण उद्देश्य को लेकर अपने पथ पर निडरता से बढ़ सकता है। मन्नूलाल की यात्रा न केवल एक धार्मिक कार्य है, बल्कि यह एक प्रेरणा है कि जब आत्मा सच्ची भावना से जुड़ी हो, तो ब्रह्मांड स्वयं उस पथ को सरल बना देता है। उनकी आस्था, निष्ठा और नर्मदा माँ के प्रति समर्पण आज लोगों के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

निगौरा में रेलवे अंडरब्रिज बना समस्या का सबब

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

ग्राम पंचायत निंगोरा में बने रेलवे अंडरब्रिज क्रमांक 45 पर भारी बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या सामने आई है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत निंगोरा की सरपंच कुसुम बाई द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के नाम भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि बीते वर्षों में बने इस अंडरब्रिज पर हल्की बारिश में भी लगभग 3–4 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं, बुजुर्गों एवं आम ग्रामीणों का आना-जाना पूर्णतः बाधित हो जाता है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्य, विद्यालय जाने वाले बच्चों और मरीजों के अस्पताल पहुंचने में भारी परेशानी होती है। ग्राम पंचायत द्वारा इस समस्या के संबंध में पूर्व में भी आवेदन भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। सरपंच कुसुम बाई ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि अंडरब्रिज के जलनिकासी की उचित व्यवस्था की जाए और वहाँ की नियमित सफाई व रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश के दिनों में पानी की निकासी सुचारु रूप से हो सके और ग्रामीणों को राहत मिले। उन्होंने यह भी आग्रह किया है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक अस्थायी रूप से जलनिकासी पंप या वैकल्पिक रास्ते की व्यवस्था की जाए, जिससे स्कूली छात्र एवं आमजन सुरक्षित रूप से आवाजाही कर सकें।

नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन-जागरण यात्रा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी म. प्र. जन अभियान परिषद के तत्वाधान में चल रही बारह दिवसीय नर्मदा पथ सर्वेक्षण एवं जन जागरण यात्रा दक्षिण तट में दिनांक 4 जून को मेंहदवानी विकासखण्ड के कलगी टोला ग्राम के नर्मदा तट से यात्रा दल का प्रवेश होकर क्रमशः राघोपुर, खम्हरिया, चौबीसा से होते हुये पड़रीटोला एवं कन्हारी में रात्रि विश्राम हुआ तत्पश्चात दिनाँक 5 जून को प्रातः यात्रा दल ग्राम तेंदूडीह में माँ नर्मदा के तट पर पूजन के पश्चात पुनः आगे के ग्रामों क्रमशः जरहा नैझर, सूरजपुरा, डोकरघाट से होते हुये मटियारी ग्राम में यात्रा का समापन हुआ। इस पूरे यात्रा के दौरान जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र चौहान द्वारा यात्रा के उद्देश्य एवं निर्माण कार्यों, पर्यावरण के प्रति जागरुकता, सांकेतिक स्वच्छता एवं ग्राम चौपाल सभी ग्रामों में लगाकर माँ नर्मदा के तटों के संरक्षण एवं संवर्धन की बात बताई गई साथ ही प्रत्येक नर्मदा तट के ग्रामों में नर्मदा सेवा समिति का गठन ग्रामीण जनों की उपस्थिति में किया गया । इस पूरी यात्रा को अपना विशेष सहयोग देकर यात्रा को सफल बनाने में मेंहदवानी,अमरपुर,करंजिया एवं डिंडोरी बी. सी. क्रमशः श्री मति सुशीला ठाकुर,अमर लाल धुर्वे,भानु प्रताप मरावी, गणेश राजपूत, मेंटर - देवेश धनंजय, दीपेन्द्र साहू, निर्मल मरकाम एवं नितीश साहू साथ ही नवांकुर संस्था से सुमेरी यादव, जागेश्वर, सुखराम, राजाराम धुर्वे, प्रस्फुटन समितियों, सरपंच, सचिवों, रोजगार सहायकों, मोबीलाईजर एवं ग्रामीण जनों की उल्लेखनीय उपस्थित्ति दर्ज की गई।

एसडीएम शहपुरा ने उप तहसील मेंहदवानी प्रांगण में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा तथा नायब तहसीलदार भीमसेन पटेल ने उप तहसील कार्यालय प्रांगण मेंहदवानी में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, मंडल कोषाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद साहू, मीडिया प्रभारी संदीप रजक सहित पटवारीगण मौजूद रहे और विभिन्न प्रकार के पौधों का पौधारोपण कर पौधों की सुरक्षा कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

भाजपा पदाधिकारियों ने भी किया पौधरोपण

भाजपा मंडल मेंहदवानी के पदाधिकारियों ने अपने अपने गांव में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्यालय मेंहदवानी में पुलिस थाना परिसर में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल साहू, जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे सहित स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया। नजदीकि ग्राम पंचायत सारसडोली परिसर में भाजपा मंडल महामंत्री रामस्वरूप साहू, सरपंच बलराम वनवासी, सचिव अनूप मरावी के द्वारा पौधारोपण किया गया।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

[करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल]

जबलपुर, शनिवार 7 जून 2025

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

एम.आई.एम.टी. कॉलेज में प्रतिभा सम्मान आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस नियमितता, अनुशासन एवं प्रोत्साहन के मूल मंत्र पर संचालित एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत प्रतिभा प्रोत्साहन की दिशा में जिले के विभिन्न विद्यालयों मे हायर सेकेंण्डरी परीक्षा मेरिट लिस्ट मे उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त सम्मान समारोह संकायवार आयोजित किया जा रहा है। कला संकाय द्वारा आयोजित सम्मान समारोह वरिष्ठ साहित्यकार अजय तुलसी के मुख्य आतिथ्य, प्रभात कुमार मिश्रा, प्राचार्य सांदीपनि शासकीय एस डी एम कन्या उ. मा. विद्यालय नरसिंहपुर की अध्यक्षता, एम. आई. एम. टी. के चेयरमैन इंजी रुद्रेश तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की उपस्थिति मे किया गया। मुख्य अतिथि अजय तुलसी ने सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौरान आपका चहुंमुखी व्यक्तित्व विकास आवश्यक है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रभात कुमार मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को कठिन परिश्रम एवं अध्ययन से सफलता प्राप्ति का मंत्र बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इंजी. तिवारी ने महाविद्यालय की विकास यात्रा के 26 सफलतम वर्ष पूर्ण होने पर अभिभावकों, विभिन्न विद्यालयों एवं छात्र- छात्राओं को उनके सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए छात्र-छात्राओं को देश का भविष्य निरूपित किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा मे प्रवेश लेने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा एवं आभार श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् पी एस मेहरा प्राचार्य, श्रीमती रंजना दौरसिया, अभिनव लखेरा एवं प्रभात सिंह राजपूत अभिभावक गोपाल साहू, साकेस नामदेव, प्रेमलाल प्रजापति, बेनी प्रसाद रजक, देवेन्द्र राय, रेवाराम लोधी, कैलाश मेहरा, दिनेश लोधी, देव सिंह सेन एवं जगदीश ठाकुर सहित महाविद्यालय से डॉ. एसएन राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी डी उमरे एवं सुश्री विजेता सिधना एवं स्टाफ मेम्बर्स तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। अनुराग साहू, समीक्षा नामदेव, साक्षी प्रजापति, राज रजक, बलराम राय, आरती लोधी, रिया मेहरा, निशा लोधी, राजकुमारी सेन तथा गणेश ठाकुर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

प्रदेश सरकार पर लगाए वादा खिलाफी के आरोप

कांग्रेसजनों ने नारेबाजी करते हुए निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। शुक्रवार को कांग्रेसजनों द्वारा नगर के मुशरान पार्क से लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रैली का निकालकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया की गई। वही सरकार को किसान विरोधी बताते हुए राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि मूंग एवं उडद की फसल को अतिशीघ्र समर्थन मूल्य पर खरीद किये जाने एवं बिजली की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

समर्थन मूल्य खरीदी की नही हुई घोषणा

विरोध प्रदर्शन के दौरान अनेक कांग्रेस नेताओं ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि आज उपज के दाम कम मिल रहे हैं और लागत बढ़ती जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि किसान तपती धूप में खेतों में पसीना बहाकर मूंग एवं उडद की फसल को तैयार किया है, हर दाने में किसान के परिवार की उम्मीदे, बच्चों की पढ़ाई की मुस्कान, बेटी की शादी, बुर्जुगों की दवा एवं परिवार का समस्त खर्च जुड़ा हुआ है। वर्तमान में 50 प्रतिशत फसल खेतों से कटकर किसानों के घर पहुंच गई है, लेकिन शासन द्वारा अभी तक समर्थन मूल्य में खरीदी की किसी भी प्रकार की औपचारिक घोषणा नही हुई है।

किसानों को बढ़ रहा संकट

किसान आंदोलन के सूत्रधार वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि अगर समर्थन मूल्य में मूंग व उडद की खरीदी नही हुई तो किसान बड़े घाटे में जायेगा क्योंकि वर्तमान में खाद, बीज, दवाई, मजदूरी और अन्य सभी लागतें आसमान छू रही है। किसान को प्रति एकड में 28 से 30 हजार रूपये की लागत लग रही है। बाजार मूल्य से तुलना की जाये तो मूंग 6500 रूपये प्रति क्विंटल एवं उडद 5000 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी

हो रही है जिससे किसानों को प्रति एकड़ 7 से 8 हजार रूपये बड़ी मुश्किल से प्राप्त हो रहा है जो एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है शासन द्वारा खेती को लाभ का धंधा बनाने एवं किसान की आय को दोगुनी करने की बात काल्पनिक नजर आ रही है। श्री पटेल ने आरोप लगाया कि बिजली की समस्या भी परेशानी का कारण बनी हुई है।

इनकी रही मौजूदगी

ज्ञापन में राज्यपाल से मांग की गई है कि गंभीरता से लेते हये समर्थन मूल्य में खरीदी का आदेश किया जाये एवं विद्युत कटौती चरम पर है, आये दिन घण्टों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे आमजन बेहद परेशान है इस समस्या का भी निदान किया जाए। उक्त मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, शैलेंद्र सिंह राजपूत जनपद अध्यक्ष, भगवत सिंह जाट बड्डू भैया, अमित शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहपुर अमित राय गौलू, ब्लॉक अध्यक्ष करेली राम रतन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहपुर ग्रामीण प्रताप गुमास्ता, कंछेदी पटेल जनपद उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पटेल, अरविंद पटेल, बॉबी खान, मुकेश कटारे, अस्सु नेमा, काजल सोनेलाल, ठाकुर कपिल सिंह, विशाल ठाकुर नितिन गोयल, लोकेश पटेल, दीपचंद्र साहू, रफीउद्दीन, अजय दुबे, रोहित पटेल, अतुल चैरसिया, अभय राय, विशाल ठाकुर, नितिन गोयल, रजनीश सेन, अंकुर बटरी, गोपालदास मरेले, राजकुमार ठाकुर, के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए मूंग, जांच रिपोर्ट को किया जाए सार्वजनिक

मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी एवं किस जाँच प्रक्रिया में जहरीली पाई गई उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि किसानों की ग्रीष्मकालीन फसल उड़द एवं मूंग आ चुकी है जिसका उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हुआ है उसके बाद भी कृषि उपज मंडियों में 1000 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक प्रति क्विंटल तक कम बिक रही है जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है किसानों को उम्मीद थी कि मूंग उड़द की फसल समर्थन मूल्य पर बेचकर होने वाले नुकसान को काफी काम किया जा सकता है लेकिन मध्य प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त वर्णवाल द्वारा हाल ही में मूंग ना खरीदने के दिए गए बयान से किसानों में निराशा का माहौल बना हुआ है मूंग ना खरीदने का कारण उक्त फसल को जहरीला बताया जा रहा है। उक्त जांच किस लैब में करवाई गई उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जावे तथा फसलों में उपयोग करने वाले खाद व कीटनाशक किसान स्वयं नहीं बनता है। मान्यता प्राप्त खाद व कीटनाशकों का प्रयोग ही फसलों पर किया जाता है फिर ग्रीष्मकालीन फसल जहरीले कैसे हो गई। सरकार इस फैसले पर पुनः विचार करते हुए किसान हित में ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी करे अन्यथा भारतीय किसान संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगा।

मिट्टी खनन के मामले में खनिज विभाग की कार्रवाई सुस्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। तहसील क्षेत्र करेली अंतर्गत एनएचएआई के निर्माण कार्य में उपयोग किये जा रहे शासकीय भूमि के अलावा निजी कृषि भूमि से मिट्टी खनन को लेकर खनिज विभाग अभी तक कोई जानकारी नहीं दे पाया है। गौरतलब है कि करेली तहसील के अंतर्गत ग्राम मिढली निवासी भोजराज साहू की निजी भूमि से खनिज मिट्टी खनन से खेत में लगी फसल व खेत को हुए नुकसान पर क्षति पूर्ति की राशि की मांग को लेकर भोजराज साहू ने कलेक्टर व खनिज अधिकारी को आवेदन देकर व सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी जिसपर शिकायतकर्ता के बताये अनुसार अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मिली जानकारी अनुसार करेली तहसील के अंतर्गत ग्राम मिढली में कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), नरसिंहपुर के द्वारा माह नवम्बर 2024 में निर्धारित नियमों शर्तों के तहत खनिज मिट्टी उत्खनन व परिवहन की अस्थाई अनुज्ञा जारी की गई थी। गौरतलब है कि करेली व नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत ग्रामों में भारी मात्रा में खनिज मिट्टी का खनन व परिवहन कार्य किया जा रहा है उक्त मिट्टी को ओवरब्रिज सहित अन्य निर्माण कार्यों में उपयोग किया जा रहा है मिट्टी खनन को लेकर पूर्व में नरसिंहपुर तहसील के एक गांव के ग्रामीणों ने खनन स्थल पर पहुंचकर खनन पर रोक लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा था लेकिन तब तक भारी मात्रा में उक्त स्थल पर खनन किया जा चुका,उक्त सम्बन्ध में खनन की अनुमति जारी हुई थी या नहीं इसकी जानकारी खनिज विभाग नहीं दे रहा है। और तो और करेली और नरसिंहपुर तहसील में किये गये खनिज मिट्टी के खनन को लेकर कलेक्टर नरसिंहपुर के यहां की गई शिकायत के महीनों बीत जाने के बाद खनिज विभाग के द्वारा न तो खनिज मिट्टी खनन की अनुमति की जानकारी दी गई है और न ही किये गये खनन पर कार्यवाही की इससे लगता है कि खनिज विभाग के अधिकारियों को जिले में हो रहे खनन को लेकर लेकर नियम कायदों की कोई परवाह ही नहीं है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया वृक्षारोपण

तेंदूखेड़ा विगत दिवस विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ब्रह्माकुमारीज की सहयोगी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के द्वारा तेन्दूखेड़ा डोभी जैतपुर औऱ बिचुआ में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये। परमात्म स्मृति एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। बाल कलाकारों द्वारा प्रकृति की पुकार लघु नाटिका प्रस्तुत कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया।इस मौके पर बी के प्रीति दीदी ने बताया कि वर्तमान में वनों की अंधाधुंध कटाई कल कारखानों का दूषित धुआं ध्वनि प्रदूषण मनुष्यों के नकारात्मक विचारों का प्रदूषण एवं आण्विक अस्त्र - शस्त्रों के प्रयोग से प्राकृतिक पर्यावरण असंतुलित हो गया है । जिसका जिम्मेदार और जवाबदार मनुष्य स्वयं हैं इसलिए वर्तमान में प्रकृति को हमारे सहयोग की आवश्यकता है। प्रकृति का संतुलन दिन प्रति दिन असन्तुलित होता जा रहा है। अनावृष्टि अतिवृष्टि बढ़ता तापमान हम सब को देखने को मिल रहा है ।प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ जरूर लगाना चाहिए । अपने प्रत्येक जन्म दिवस शादी विवाह की सालगिरह पुण्य स्मृति में यादगार स्वरूप एक पेड़ जरूर लगाएं। प्रकृति हमारी माँ है और माँ की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। बीके किरण दीदी ने प्रकृति को शुभ बायब्रेशन देने की विधि बताई और अभ्यास कराया। उपस्थित वर्ग ने मिलकर वृक्षारोपण किया। सभी को संस्थान की ओर से ईश्वरीय सौगात भेंट की अंत मे प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

वर्षों से जमें मंडी कर्मी ही बनें हुए बाधक

बाहर की मंडियां हो रही गुलजार

तेंदूखेड़ा सुर्खियों में बनी तेंदूखेड़ा कृषि उपज मंडी विभिन्न जिंसों की आवक के बीच भी सुनसान पड़ी हुई है। और बगैर लाइसेंस धारी व्यापारी गांव गांव अपने स्वयं के तौल कांटे ले जाकर मनमाने दामों और तौल पर उपज खरीद रहें हैं। स्थानीय व्यापारी हाथ पर हाथ रखकर बैठा हुआ है। और इन्हीं पर मंडी प्रबंधन का डंडा चल रहा है।इन सब गतिविधियों के पीछे केवल और केवल एक ही कारण निकलकर सामने आया है कि यहां पर दशकों पूर्व से जमें कर्मचारियों की क्षेत्र के इन सभी विचौलियों से सीधी सेटिंग बनीं हुई है। इनकी मिलीभगत से ही मदनपुर खमरिया और गाडरवारा डोभी सड़क मार्ग से लेकर बीकोर भामा सहित विभिन्न क्षेत्रों में खुले आम अनाज की खरीदी चल रही है। अनेकों बार कार्यवाही के नाम पर केवल गाज मंडी सचिव पर गिरती है। नया मंडी सचिव आते ही जब तक विस्तृत क्षेत्र को समझने की कोशिश करता भी है या कार्यवाही करने के लिए छापामार शैली में दोडता भी है तो अधीनस्थों का उचित सहयोग ना मिलने के कारण उन्हें पूर्व सूचना हो जाने के कारण खाली हाथ ही लौटना पड़ता है।जब तक पूरा नया स्टाप नही बदलेगा तब तक मंडी चल पाना संभव नहीं है।

मंडी सचिव ने नहीं देखा लेखापाल

सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिलती है कि कुछ कर्मचारी बाहर से आना जाना किया करते हैं तो कुछ कर्मचारी हफ्ते में एक दो बार आकर चले जाते हैं।बाकी उनकी हर जगह फिक्सिंग है। लेकिन सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण और आश्चर्यजनक यह है कि लगभग नौ माह पूर्व ही यहां मंडी सचिव आकर पदस्थ हुये जिस दिन से वे यहां पर आये है उस दिन से अभी उनको यहां पर विगत तीन वर्षों से पदस्थ लेखापाल के दर्शन नहीं हुए हैं। गौरतलब रहे कि यहां पर नरसिंहपुर मंडी में पदस्थ लेखापाल को तेंदूखेड़ा मंडी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। और वह तेंदूखेड़ा मंडी ना आकर यहां से फाइलें नरसिंहपुर बुलाकर वहीं बैठकर काम किया करते हैं।

विधायक ने दिये निर्देश

कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मंडी कार्यालय पहुंचे विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने अधिकारियों कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए हैं कि मंडी नियमित और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए चलनी चाहिए।किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं चलनी चाहिए।हाल ही में सिहोरा उपमंडी शुभारंभ को लेकर स्पष्ट किया कि वहां पर भी प्रतिदिन अनाज आना चाहिए। और तेंदूखेड़ा क्षेत्र भी काफी विस्तृत क्षेत्र है यहां पर मंडी खाली क्यों पड़ी हुई है।

इनका कहना है

मंडी किसानों के हितों को लेकर बनाई गई है। हमारी सरकार किसानों के हितों को लेकर नित नई योजनाएं बना रही है। और यदि तेंदूखेड़ा मंडी में अनियमिताएं चलेंगी तो काम कैसे चलेगा। अधिकारी कर्मचारीयों को स्पष्ट दिशा निर्देश दे दिए गये हैं कि प्रतिदिन मंडी में डाक लगनी चाहिए कर्मचारी भी नियमित रूप से मंडी आयें और मंडी में ही घोष विक्रय करायें।

विश्वनाथ सिंह पटेल
विधायक तेंदूखेड़ा

अब शेडों पर ही लगेंगी सब्जी दुकानें

दिया जाएगा सब्जी मार्केट का स्वरूप

तेंदूखेड़ा । विगत दिनों नगर परिषद तेंदूखेड़ा के बाजू से लगी सब्जी दुकानें पक्की नई दुकान निर्माण को लेकर अलग करा दी गई हैं जिसे लेकर सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी के साथ उचित स्थान पर दुकानें देने की मांग को लेकर तेंदूखेड़ा के तहसील कार्यालय से लेकर कलेक्टर कार्यालय और क्षेत्रीय विधायक तक पहुंच कर ज्ञापन आवेदन दिये गये थे। चूंकि साप्ताहिक बाजार के दिन बाजार लगने के बाद शेष दिनों में पूरा बाजार खुला खाली पड़ा रहता है। जिसमें कुछ लोग बैठकर शराबखोरी या अन्य गतिविधियों में संलग्न बनें रहते हैं। मुख्यमंत्री अधोसंरचना के दौरान मिले विशेष पैकेज के तहत नये हाट बाजार के निर्माण कार्य के पूर्व में ही यह सुनिश्चित किया गया था कि आवागमन और सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य सड़क मार्ग के किनारे लगी सब्जी दुकानें एक अलग स्थान पर लगाई जायेगी और जगह भी निर्धारित हो गई है।इस विषय को लेकर जब गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने सब्जी विक्रेताओं से मौके पर पहुंचकर चर्चा भी की। वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद अध्यक्ष और पार्षद गणों ने भी मौके पर जाकर जब सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की क्रमानुसार शेड उपलब्ध कराने के साथ साथ भविष्य में भी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने मुख्य मार्गों पुराने बस स्टैंड पर लगने वाले सब्जी दुकानों को भी निर्धारित स्थान पर दुकानें लगाने प्रेरित करने पर सहमति बनने के उपरांत सभी विक्रेताओं को शेड पर्ची डालकर आवंटित कर दिए गए हैं। अभी कुल 14 दुकानें लग रही थी। जबकि शेड में 18 दुकानें लगाने जा सकती है।इनमें कुछ हाथ ठेले वालों को भी समायोजित किया जाएगा। सहमति ना बन पाने के कारण दुकानदारों की दुकानें ना लगने के कारण जीविकोपार्जन को लेकर परेशान थे वहीं बड़ी मात्रा में सब्जी खराब होने से नुकसान भी हुआ था। जरूरत मंद भी सब्जी को लेकर यहां वहां से सब्जी लाने के लिए परेशान देखे जा रहे थे।

हाईस्कूल में बन रहे 7 कमरें

गुणवत्ता को लेकर अविभावक आगे आयें

तेंदूखेड़ा। नगर के सबसे प्राचीन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का बीच वाला भवन जर्जर हो जाने के उपरांत जमींदोज होने लगा था। इसमें विषैले जीव जंतु ठहरने लगे थे। के साथ साथ कक्षा छठवीं से लेकर बारहवीं तक के छात्रों को बैठने परीक्षा संचालन को लेकर बहुत बड़ी समस्या बनी हुई थी।लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा यहां सात कक्षों के निर्माण को लेकर लगभग 99 लाख रुपए के टेंडर जारी किए थे।जिसे भोपाल की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य पी आई यू की देखरेख में कराया जाना है। लेकिन मेप के आधार पर जो मापदंड निर्धारित किए गए हैं उसी आधार पर कक्ष निर्माण धरातल से नहीं हो रहें हैं। भविष्य और गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है।जिस हिसाब से गड्ढे होने चाहिए है उसमें नीचे पत्थर का हवाला देकर कम गड्ढे कराये जाने के साथ बीच में दीवालों के लिए जो बीमें दी जानी चाहिए उसमें सीधी बीमें देकर नीचे से वेश नहीं दिया जा रहा है। चूंकि कोई भी भवन बार बार नहीं बनता छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है। तथा भविष्य में सामने वाली सड़क का पानी सीधा इस भवन में घुसेगा। सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिली है कि जहां निर्माण कार्य चल रहा है उसके बीच में 11 के व्ही विद्युत तार के पोल खड़े हुए हैं अभी पोल भी अलग नहीं हुये हैं।आवागमन और पूर्व में बनें कक्षों में आने जाने छात्रों को परेशानी ना हो को देखकर ही निर्माण कराया जाना चाहिए।साथ ही नगर के उन सभी अविभावकों भी आगे आना चाहिए। जिनके पाल्य इस विद्यालय में पढ़ने के लिए आते हैं।भवन की गुणवत्ता की जांच भी लगातार करने के साथ निर्धारित मापदंडों का पालन होना जरुरी है। चूंकि उन बुद्धि जीवी वर्ग को भी आगे आना चाहिए जो निर्माण के बाद प्रश्न चिन्ह लगाते हैं या सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। उन्हें भी आगे आकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता देखकर संबंधित निर्माण एजेंसी को अवगत कराना चाहिए।